तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 16 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

तीन दंतैल हाथी मांड नदी पार कर पहुंचे कुदमुरा तेंदूपत्ता संग्रहकों को जारी किया गया अलर्ट



हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
16 मई 2026
कूपन नं. 2

# खराब रिजल्ट वाले स्कूलों की नहीं हुई समीक्षा, विभाग को जारी करना था नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक पखवाड़े के बाद भी खराब रिजल्ट वाले स्कूलों की ना कोई समीक्षा हुई और ना ही कोई नोटिस जारी हुई। जबकि तीन स्कूल ऐसे हैं जिनका परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम हैं और एक स्कूल का परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से भी कम है। ऐसे स्कूल में कोहड़िया हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं जिसके प्राचार्य के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम के बाद खराब रिजल्ट वाले स्कूलों के प्राचार्यों पर कार्यवाही की गाज प्रदेश के अन्य स्कूलों में गिरने लगी है। जिले में भी खराब रिजल्ट देने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही किया जाना था और इसकी प्रशासन स्तर पर बैठक लेकर समीक्षा करते हुए नोटिस जारी कर कार्यवाही भी करना था। परिणाम घोषणा के एक पखवाड़े बाद भी खराब रिजल्ट वाले स्कूलों की ना तो समीक्षा हुई और ना ही उन स्कूलों के प्राचार्यों को नोटिस जारी की गई है। जिले में शहरी क्षेत्र में संचालित कोहड़िया हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से भी कम आया है। इस पर स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी जो अब तक नहीं हुई है और ना जिला स्तर पर कोई नोटिस जारी हुई है। इतना ही नहीं 50 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों के खिलाफ अभी तक किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि परिणाम घोषणा के बाद ऐसे स्कूलों को नोटिस जारी करने बात जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा कही गई थी।

## 30 स्कूलों का रिजल्ट 50 प्रतिशत से कम रहा

### खास बातें

- कोहड़िया हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से भी कम



### ऐसा था परीक्षा परिणाम

जिले के हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा परिणाम के तहत 5609 बालक हाई स्कूल परीक्षा में बैठे थे जिसमें 1864 बालक प्रथम एवं 1895 बालक को द्वितीय स्थान मिला था। कुल 13 हजार 889 छात्र उत्तीर्ण हुए थे। कुल परीक्षा परिणाम 71.87 था। इसी तरह हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 3724 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें से 1451 छात्र प्रथम, 1375 छात्र द्वितीय एवं 491 छात्रों को पूरक तथा 331 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। इसी बालिका वर्ग में 5724 छात्राओं ने परीक्षा दिलाई जिसमें 3351 प्रथम, 1599 द्वितीय एवं 497 पूरक तथा 239 अनुत्तीर्ण रहे। कुल परीक्षा परिणाम 87.13 प्रतिशत रहा।

## खबर संक्षेप

### मुनगाडीह पंचायत में वित्तीय गड़बड़ी सीईओ ने दिए जांच के निर्देश

**कोरबा।** पाली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मुनगाडीह सरपंच-सचिव के मिलीभगत से ग्राम विकास के लिए जारी 15वें वित्त मद की राशि मे लाखों के भ्रष्टाचार की खबर को जिला पंचायत सीईओ ने गंभीरता से संज्ञान में लिया और पंचायत उप संचालक को जांच के निर्देश दिए हैं, जहां उप संचालक द्वारा जनपद सीईओ को 3 दिवस के भीतर जांच कर अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने आदेश जारी किए हैं। ग्राम पंचायत मुनगाडीह सरपंच-सचिव द्वारा 15वें वित्त की राशि में गड़बड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम में संचालित मिडिल स्कूल के शौचालय निर्माण, प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष मरम्मत, चारपारा प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, नाली साफ-सफाई कार्य, चारपारा नाली मरम्मत कार्य, सबमर्सिबल पंप व पाइप लाइन विस्तार एवं पेयजल स्त्रोतों के रखरखाव और नए पेयजल स्त्रोतों पर कागजों में काम दिखाकर राशि डकार ली गई है। मामले में जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने गंभीरता से संज्ञान में लिया और उन्होंने पंचायत उप संचालक को जांच के निर्देश दिए। जहां उप संचालक द्वारा पाली जनपद सीईओ मोहनीश देवांगन को तीन के भीतर जांच प्रतिवेदन अभिमत सहित मांगा है।

### विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करतला, पाली, कटघोरा, पोंड़ीउपरोड़ा एवं रानी धनराज कुवंरदेवी यूसीएचसी कोरबा में विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की कमी को ध्यान में रखते हुए एवं चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़किरण के लिए विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु तत्कालीन व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन के जिला खनिज न्यास निधि मद के अंतर्गत संविदा नियुक्ति किया जाना है। यह नियुक्ति पूर्व से निर्धारित खनिज न्यास अंतर्गत रिक्त पदों के पूर्ण होने तक ही मान्य है। बाल चिकित्सक,एनेस्थेटिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट के रिक्त दो-दो पद, एमडी मेडिसिन और शल्य चिकित्सक (सर्जन) के रिक्त तीन-तीन पद के लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

### विद्युत पंप मिलने से किसान किसान को खेती को मिली नई दिशा

**कोरबा।** सुशासन तिहार के माध्यम से किसानों को न केवल उनकी समस्याओं से राहत मिल रही है, बल्कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर भी बनाया जा रहा है। जिले के ग्राम दरगा निवासी कृषक अजय कुमार तिग्गा कृषि कार्य से जुड़े हुए हैं और लगभग पांच एकड़ कृषि भूमि में धान एवं मूंगफली की खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उनके परिवार में कुल पांच सदस्य हैं, जिनकी आजीविका मुख्य रूप से खेती पर ही निर्भर है। मेहनत और लगन से खेती करने के बावजूद सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें हर वर्ष अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर फसल के समय पानी की कमी के कारण उत्पादन प्रभावित होता था, जिससे आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ता था।

## दो गोधामों के निर्माण पर ग्रामीणों ने डाला अड़ंगा

# जिले से 13 गोधामों का गया था प्रस्ताव, तीन की मिली स्वीकृति, अब तक एक ही बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पशुधन विभाग के द्वारा राज्य शासन को भेजे गए 13 गौठानों को गोधाम बनाए जाने के प्रस्ताव पर केवल तीन गोधामों की स्वीकृति मिली है और अब तक एक ही गोधाम बन सका है शेष दो गोधामों के निर्माण पर ग्रामीणों के अड़ंगे से गौठानों को गोधाम का रुप नहीं दिया जा सका है। इसमें से एक गोधाम का प्रकरण राजस्व न्यायालय में दर्ज हो गया है।

पूर्व सरकार के समय बनाए गए गोठानों को वर्तमान सरकार के द्वारा गोधाम बनाए जाने की योजना लाए जाने के बाद जिला प्रशासन के पशुधन विभाग द्वारा 13 गौठानों को गोधाम बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया था। इसमें से केवल तीन गोठान जिनमें सरईडीह, महोरा और सोहागपुर को गोधाम बनाए जाने की स्वीकृति मिली। इस स्वीकृति के बाद जिला प्रशासन के द्वारा जब गोठानों को गोधाम बनाए जाने के लिए प्रक्रिया शुरु करते हुए स्वयं सेवी संस्थाओं से आवेदन मंगाए गए। नियम और शर्तों को पूर्ण करने वाली संस्थाओं को तीन गोठानों को गोधाम बनाने के लिए आबंटन किया गया। उस आबंटन के बाद जब संबंधी संस्थाएं गोठानों का कार्य शुरु करने के लिए पहुंची तो वहां के ग्रामीणों ने इस पर अड़ंगा डाल दिया। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव की जमीन में बने गौठानों को गोधाम बनाने का काम गांव के ही महिला स्व सहायता समूह को दिया जाना चाहिए और यह प्रक्रिया कब शुरु की गई इसके संबंध में ग्राम पंचायतों से किसी तरह का कोई प्रस्ताव नहीं मांगा गया। यह जानकारी उन्हें तब मिली जब उनके गांव के गौठान को गोधाम बनाने के लिए संस्था पहुंची। यह मामला सामना आने के बाद पोड़ी उपरोड़ा के सरईडीह और महोरा गोठान को गोधाम बनाने की प्रक्रिया रोक दी गई। इसमें से एक गौठान का मामला राजस्व न्यायालय में दर्ज कर लिया गया है। जहां प्रकरण की सुनवाई होगी और उसके बाद ही सरईडीह और महोरा गौठानों को गोधाम बनाए जाने का काम शुरु हो सकेगा।



### एक गौठान ही बना है गोधाम

13 गौठानों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था जिसमें से तीन गौठान को गोधाम बनाए जाने की स्वीकृति मिली है। दो गौठानों को गोधाम बनाने के मामले में ग्रामीणों का विरोध सामने आया है, जिसकी वजह से काम रुका हुआ है।

**- एसएन मिश्रा,** उप संचालक पशुधन विभाग

### एक एकड़ जमीन में बने हैं गौठान

पूर्व सरकार के समय एक एकड़ जमीन में गौठान का निर्माण किया गया है और इसमें जिला प्रशासन की एक बड़ी राशि खर्च हुई। सोलर पैनल, चारागाह के लिए जमीन के साथ मवेशियों के लिए शेड बनाए गए थे। पानी की व्यवस्था के लिए बोर लगाए गए जो धीरे धीरे सरकार बदलने के बाद सामान चोरी हो गए। आश्चर्य की बात है कि सरकारी संपत्ति के चोरी होने की रिपोर्ट भी ग्राम पंचायतों ने पुलिस में दर्ज नहीं कराई और आज तक चोरी गए सामानों की खोजबीन भी नहीं हुई।

### चिर्रा गौठान का हुआ था तामझाम के साथ शुभारंभ

कोरबा विकासखंड अंतर्गत आने वाले चिर्रा गौठान का बड़े तामझाम के साथ शुभारंभ हुआ था। जिसके संचालन का जिम्मा महिला स्वसहायता समूह को दिया गया। छोटी छोटी लघु ईकाईयां भी शुरु की गई। जिसमें महिलाओं को रोजगार मिला, एश ब्रिक्स बनाए जाने की यूनिट भी लगाया गया जो आज बदहाल की स्थिति में है।

# अलग- अलग सड़क हादसों में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक वृद्ध सहित दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तहसीलभाटा निवासी परदेसी राम 60 वर्ष पिता डुग्गूराम दो दिनों पूर्व अपने साइकिल में सवार होकर किसी काम से पतरापाली गया हुआ था जहां से वापस लौटते समय जेंजरा पतरापाली के बीच पहुंचा था इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने परदेसी राम को अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान परदेसी राम की मौत हो गई है। दूसरी घटना बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोंदरों निवासी छतराम चौहान उम्र 53 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर कोरबा से कोहड़िया के रास्ते दोंदरों जा रहा था कि कोहड़िया के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे छतराम चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद स्थानीय राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरु कर दी है।

## संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत चारपारा कोहड़िया निवासी तुलचंद साहू उम्र 32 वर्ष पिता भउराम साहू की घर में अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान तुलचंद साहू की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक जांच के दौरान जो बात सामने आई है कि तुलचंद साहू को संभवतः हृदयघात से मौत हुई है।

# तपती गर्मी में एसईसीएल की सुराकछार कालोनी में पसरा अंधेरा, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ओर जहां सूरज आसमान से आग उगल रही है और तापमान का रिकार्ड टूट रहा है, वहीं बांकीमोंगरा एसईसीएल कॉलोनी के निवासी पिछले दो दिनों से अंधेर नगरी में रहने को मजबूर हैं। जिन एसईसीएल कर्मचारियों के हितों लिए ट्रेड यूनियन को चुनते है, वे ट्रेड यूनियन के नेता और प्रबंधन के अधिकारी अपनी-सुविधाओं में मग्न हैं।

बांकीमोंगरा एसईसीएल कालोनी में पिछले 48 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित है। इस भीषण गर्मी में बिना बिजली के हालात दुभर हो गए हैं। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति इस कुप्रबंधन की सबसे बड़ी मार झेल रहे हैं। कॉलोनीवासियों का कहना है कि बिजली न होने से दैनिक कार्य बाधित हो गए हैं।

### खास बात

- कोल कर्मियों ने एसईसीएल प्रबंधन और श्रमिक नेताओं पर बेरुखी का लगाया आरोप

कर्मचारियों का आरोप है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले ट्रेड यूनियन नेता अब गायब हैं। स्थानीय निवासियों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है। शादी हाल से फुर्सत नहीं है, तो कहाँ एसईसीएल के समस्याओ से कोई लेना देना नहीं है, चाहे कोल कर्मचारी रात को सोए या ना सोए। कर्मचारियों का कहना है कि नेताओं को सिर्फ अपनी राजनीति और वोट बैंक से मतलब है। समस्या समाधान के बजाय नेता अपनी सुख-सुविधाएँ और व्यक्तिगत व्यापार को चमकाने में लगे हुए हैं। शायद अधिकारियों को पता हीं नहीं हुआ होगा क्योंकि उनके कर्मचारी अँधेरे में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाए और जब जिम्मेदार लोग ही आंख मूंद लें, तो आम कर्मचारी के पास क्या रहा जाए।

# स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर पीएनसी कंपनी में कामबंद हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की गेवरा परियोजना एक बार फिर विवादों में घिर गई है। इस बार ठेका कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड के खिलाफ स्थानीय बेरोजगारों और श्रमिकों का आक्रोश खुलकर सामने आया है। जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव और पार्षद सुजीत सिंह के नेतृत्व में स्थानीय बेरोजगारों ने रोजगार व एचपीसी दर पर वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। स्थानीय बेरोजगारों ने खदान परिसर पहुंचकर कंपनी का काम बंद करा दिया जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।



उल्लेखनीय है कि स्थानीय बेरोजगारों ने प्रदर्शन से पहले ही प्रबंधन को लिखित रूप से सूचना देकर कंपनी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए थे। जिसमें उल्लेख किया गया है कि कंपनी स्थानीय बेरोजगार युवाओं की अनदेखी कर बाहरी लोगों को रोजगार दे रही है, जिससे क्षेत्र में भारी नाराजगी है। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी में कार्यरत सभी ड्राइवरों, सुपरवाइजरों और मशीन हेल्पर्स की नाम-पता सहित सूची सार्वजनिक करने की मांग की है। साथ ही खदान से प्रभावित 5 किलोमीटर दायरे के गांवों के बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी में कार्यरत सभी ड्राइवरों, सुपरवाइजरों और मशीन हेल्पर्स की नाम-पता सहित सूची सार्वजनिक करने की मांग की है। साथ ही खदान से प्रभावित 5 किलोमीटर दायरे के गांवों के बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की मांग उठाई गई। आरोप यह भी है कि खदान में कार्यरत ड्राइवरों को सरकार द्वारा निर्धारित एचपीसी दर पर भुगतान नहीं किया जा रहा, जबकि अन्य कर्मचारियों से 12-12 घंटे काम लेकर उनका शोषण किया जा रहा है।

⏭ शेष पेज 3 पर

## आयुक्त ने स्वच्छता कार्य एजेंसियों व स्वच्छता निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर साफ-सफाई कार्यों की समीक्षा की

# खुले वाहन में कचरा परिवहन, सफाई कार्यों में कोताही बरतने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने स्वच्छता कार्य एर्जेसियों तथा स्वच्छता निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों को निर्देश देते हुये कहा है कि कचरे का परिवहन करते समय वाहन ट्राली को तिरपाल के माध्यम से अच्छी तरह से ढक कर ही कचरे का परिवहन करें, यदि कहीं पर भी यह शिकायत सामने आती है, कि बिना तिरपाल ढंके, कचरे का परिवहन किया गया है, साफ-सफाई कार्यो में कोताही बरती गई है तथा नियमित साफ-सफाई नहीं हुई है, तो स्वच्छता कार्य एर्जेसियों व स्वच्छता निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।




आयुक्त श्री पाण्डेय ने साकेत भवन स्थित सभाकक्ष में निगम की स्वच्छता कार्य एर्जेसियों के प्रतिनिधियों व निगम स्वच्छता निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर साफ-सफाई कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देश देते हुये कहा कि साफ-सफाई कार्यो में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिये, निर्धारित मानदण्डो के अनुरूप सफाई के कार्य हों, नालियों व सड़कों की नियमित रूप से साफ-सफाई हों, सफाई कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से तुरंत उठाव हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि निगम के सभी वार्डो हेतु पृथक से नोडल अधिकारी नियुक्त कर अधिकारी कर्मचारियों को वार्डो की जिम्मेदारियाँ दी जा रही है, ये नोडल अधिकारी वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था से लेकर निगम से संबंधित सभी कार्यो की नियमित मानीटरिंग करेंगे। उन्होने सफाई ठेकेदारों को निर्देशित करते हुये कहा कि वे भी वार्डवार अपने स्वच्छता सुपरवाईजर नियुक्त करें, जो वार्ड के नोडल अधिकारी के साथ रहकर सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण करेंगा तथा व्यवस्थाओं को सुधारेगा। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि अनेक जगहों पर यह देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा नालियो के ऊपर रैम्प बना कर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण नालियों की सफाई में अवरोध उपस्थित हो रहा है, अतः नाला व नालियों के ऊपर किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटवायें ताकि सफाई कार्यो में अवरोध उपस्थित न हों तथा नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित हो सके।

### समय पर सफाई न होने पर अर्थदण्ड

आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता कार्य एजेंसियों से कहा कि निर्धारित समय पर नियत मानदण्डों के अनुरूप नियमित सफाई कार्य किये जाएं, यदि समय पर सफाई कार्य नहीं हुआ तथा कचरा बिखरा पाया गया, तो अर्थदण्ड की कार्यवाही की जायेगी, वहीं संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक व निरीक्षक का एक दिन का वेतन भी काटा जायेगा, अतः सफाई कार्यो में कोताही न हों, जिस वार्ड में जितने सफाई कामगार नियुक्त किये गये हैं, वे सभी कार्य स्थल पर उपस्थित रहकर सफाई कार्य करें, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कर लें।

## पीएम श्री सेजेस में की रिक्त सीटों हेतु लॉटरी प्रक्रिया संपन्न

**कोरबा।** पीएमश्री सेजेस बालको में इंग्लिश मीडियम की रिक्त सीटों के विरुद्ध प्रवेश प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से संपन्न की गई। इस अवसर पर शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जे-एन दुबे, पार्षद सत्येंद्र दुबे, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र तथा प्राचार्य प्रभात कुमार भगत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन घनश्याम प्रसाद श्रीवास द्वारा किया गया। लॉटरी प्रक्रिया में माध्यमिक शाला बालकों के प्रधान पाठक केसर लाल कश्यप सहित विद्यालय स्टाफ से शांता कुंभकार, निहारिका शुक्ला, सीमा स्वर्णकार, ममता पांडे, अदिति साहू, कोसली सोनी एवं प्रज्ञा शास्त्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जे एन दुबे ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल के अध्यापन व्यवस्था से आसपास क्षेत्र के छात्रों का लाभ मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मी के निर्माणाधीन मकान में चोरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सरकंडा थाना क्षेत्र के मोपका चौकी सीमा के श्यामा विहार फेज-2 में चोरों ने निर्माणधीन मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने पुलिस विभाग के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के से 30 हजार रुपये के सामान को पार कर दिया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सरकंडा पुलिस के अनुसार पुलिस विभाग से रिटायर्ड प्रधान आरक्षक शिव कुमार पांडेय पिता रामेश्वर प्रसाद पांडेय वर्तमान में कोरबा (जमनीपाली) में निवासरत हैं, चिल्हाटी चौक के पास श्यामा विहार फेज-2 में नया मकान बनवा रहे हैं, जिसका निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। 10 और 11 मई की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर प्रवेश किया। सूचना मिलने पर 12 मई को बिलासपुर पहुंचे, इस दौरान घर के भीतर कमरों के ताले टूटे थे। चोरों ने मकान के अंदर से एक स्विंग चेयर (झूला), एक टी-टेबल और तीन गोल कॉर्नर टेबल, डब्ल्यूपीएफ दरवाजा और एक लोहे की सीढ़ी,40 जीआई पाइप और बिजली के तार सहित कुल 30 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया है।

### कहासुनी में निकाली तलवार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शराब के नशे में बाइक चलाते हुए धारदार तलवार लहराने और गाली गलौज करने वाले आरोपी को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार विजय नगर देवरीखुर्द गली नंबर 7 में रहने वाले अजय साहू पिता लक्ष्मी साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 मई की रात 11.30 बजे वे घर के सामने खड़े थे इस दौरान डाकेश्वर दास मानिकपुरी उर्फ डाकू अपनी बाइक से आया और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उतावलापन दिखाने लगा। अजय के मना करने पर वह भड़क गया और गालियां देने लगा। जान से मारने की धमकी देते हुए तलवार लेकर आ गया तथा मारपीट करने लगा।

### गाज गिरने से पिता पुत्री झुलसे

बिलासपुर। मस्तूरी गतौरा इलाके में शुक्रवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से नीम के पेड़ के नीचे खड़े पिता पुत्री झुलस गए। पिता का इलाज सिम्स में इलाज जारी है। उनकी बेटी को भी बिजली के झटके लगे हैं। गतौरा निवासी घनश्याम खांडे अपनी बेटी पूनम खांडे के साथ शुक्रवार सुबह खेत में काम करने गए थे। सुबह 6 बजे खेत में दोनों कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम का बदला और तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। भीगने से बचने के लिए दोनों ही नीम के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इस दौरान अचानक तेज आवाज के साथ पेड़ पर गाज गिरी। जिससे घनश्याम खांडे बुरी तरह झुलस कर जमीन पर गिर गए और बेटी पूनम चीखने लगी। दोनों को अस्पताल पहुंचाया। घनश्याम को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

### जनगणना करने गई शिक्षिका के घर घुसा चोर

**बिलासपुर।** सरकंडा अशोक नगर स्थित पार्क लाइफ कालोनी में जनगणना ड्यूटी करने गई शिक्षिका के घर में घुसकर चोर ने नकदी और चांदी के जेवरात पार कर दिया। सायरन बजते ही पड़ोसी घर के पास पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। सरकंडा पुलिस के अनुसार नीता तिवारी पति चंद्रकांत तिवारी शिक्षिका हैं। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे वे अशोक नगर स्थित मकान में ताला लगाकर जनगणना ड्यूटी के लिए ग्राम नगोई गई थीं। इस दौरान अज्ञात चोर ने उनके घर धावा बोल दिया। दोपहर 2 बजे जब चोर घर के भीतर दाखिल हुआ, इस दौरान सुरक्षा कैमरे का सायरन बज उठा। पड़ोसी अभिषेक तिवारी ने नीता तिवारी को सूचना दी। शिक्षिका दोपहर घर पहुंचीं। जांच करने पर पता चला कि चोर मुख्य गेट के ऊपर से कूदकर घर में दाखिल हुआ और किचन के रास्ते अंदर घुसा था। आरोपी ने किचन में रखे बैग से 5000 रुपये नकद और चांदी की पैरपट्टी चोरी कर ली थी। सरकंडा पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी को चोरी के सामान के साथ हिरासत में ले लिया।चोर ने अपना नाम शरद कर्ष पिता बोधन कर्ष उम्र 26 वर्ष बताया है।

**कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है निगम** | एक इंजीनयर के भरोसे 10 से अधिक बड़े प्रोजेक्ट, कई प्रोजेक्ट 2 साल लेट चल रहे

# 300 करोड़ के कामों पर असर, क्योंकि निगम के 49 इंजीनियर सहित 671 पद खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम इन दिनों कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। निगम में कुल 1274 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 603 पदों पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 671 पद अब भी रिक्त हैं। इससे नगर निगम के दैनिक कामकाज और विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ रहा है। नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। विभिन्न श्रेणियों के इंजीनियरों के 81 स्वीकृत पदों में से केवल 32 इंजीनियर कार्यरत हैं, जबकि 49 पद खाली हैं। ऐसे में कई प्रोजेक्ट और तकनीकी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। एक इंजीनयर के भरोसे 10 से अधिक बड़े प्रोजेक्ट हैं। इसी कारण वह समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। करीब 300 करोड़ के कामों पर इसका असर पड़ रहा है।

गौरतलब है कि परिसीमन के बाद निगम क्षेत्र का दायरा बढ़ा है और इसमें 18 नगर पंचायत, नगर पालिका और ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके बावजूद स्टाफ बढ़ाने के बजाय कमी बनी हुई है। हालत यह है कि 70 वार्डों में हर वार्ड के लिए एक-एक सब इंजीनियर तक उपलब्ध नहीं है।

फिलहाल सीमित इंजीनियरों को कई वार्डों की जिम्मेदारी दी गई है। स्टाफ की कमी के कारण कई काम ठेकेदार और साइट सुपरवाइजर के भरोसे चल रहे हैं। करीब दो साल से यह स्थिति बनी हुई है, जबकि प्रोजेक्ट लगातार बढ़ते जा रहे हैं। देरी के कारण लागत भी बढ़ रही है, जिससे ठेकेदारों को फायदा और आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### इन कामों पर असर

- 28 करोड़ की पेयजल योजना पर असर
- 29.51 करोड़ का कोनी में कन्वेंशन सेंटर
- 22.52 करोड़ का कोनी में सड़क-नाली
- 22.54 करोड़ का मंगला में सड़क-नाली
- 17.35 करोड़ का अशोक नगर से बिरकोना रोड चौड़ीकरण
- 10 करोड़ का वसंत विहार से रपटा चौक सड़क-नाली
- 5.20 करोड़ का गुरुनानक चौक से मोपका-राजकिशोर नगर डामरीकरण
- 12.60 करोड़ का पुराना बसस्टैंड में शटल कार पार्किंग
- 9.94 करोड़ का अटल पथ निर्माण
- 5.19 करोड़ का आजाद चौक से मंगला चौक सड़क
- 11.42 करोड़ का 500 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी

### नए सेटअप की मांग

जोन कमिश्नर और स्थापना प्रभारी प्रवेश कश्यप के मुताबिक, निगम क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए राज्य सरकार से नए सेटअप और अतिरिक्त पदों की मांग की गई है, ताकि बढ़ते कार्यभार को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। इधर निगम में 47 सब इंजीनियर पदों में से सिर्फ 21, 22 असिस्टेंट इंजीनियर पदों में से केवल 4, और 10 कार्यपालन अभियंता पदों में से सिर्फ 6 पद भरे हुए हैं। वहीं 2 सीनियर इंजीनियर पदों में से केवल एक पद पर नियुक्ति है। इससे साफ है कि नगर निगम का तकनीकी ढांचा गंभीर स्टाफ संकट से गुजर रहा है।

### तीन इंजीनियर और एक उपायुक्त की पोस्टिंग

हालांकि स्टाफ की कमी के बीच निगम को कुछ राहत मिली है। ललित त्रिवेदी, जिन्हें असिस्टेंट इंजीनियर से पदोन्नत कर प्रभारी कार्यपालन अभियंता बनाया गया है, अब बिलासपुर में सेवाएं देंगे। इसके अलावा रायपुर नगर निगम के ईई लाल महेंद्र प्रताप सिंह और कोंडागांव के सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव को भी प्रभारी ईई के तौर पर यहां पदस्थ किया गया है। वहीं, अंकुर पांडेय को उपायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।




### कई इंजीनियरों के पास कई प्रभार

प्रभारी एसई शारदा प्रसाद साहू के पास एक साथ कई जोन और विभागों की जिम्मेदारी है। जोन 1, 2, 4 और 5 के साथ सीवरेज, वाहन, योजना, पीएम आवास और स्मार्ट सिटी का काम भी वही देख रहे हैं। तकनीकी स्टाफ की कमी का असर सिर्फ निर्माण कार्यों पर नहीं, बल्कि संपदा और लीज नवीनीकरण जैसे कामों पर भी पड़ रहा है। इसके साथ ही इंजीनियर अनुपम तिवारी के पास जल विभाग, सिटी बस सेवा, भवन शाखा के साथ दूसरे प्रभार हैं। प्रभारी एई श्रीकांत नायर के पास भी जोन 5 के अलावा अधोसंरचना, उद्यान, स्वच्छ सर्वेक्षण और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे कई काम हैं।

### मांग की गई है

नगरीय प्रशासन की बैठक में इंजीनियरों की कमी को लेकर चर्चा कर मांग की गई थी। प्रोजेक्ट पर कुछ असर तो पड़ ही रहा है। कमी के बावजूद व्यवस्था बनाकर काम पूरे करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही निगम को नए इंजीनियरों की पदस्थापना होने की उम्मीद है।

**– श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

## खतरनाक है यह खुला नाला, कभी भी हो सकता है हादसा...



**बिलासपुर।** शहर के सबसे व्यस्त बृहस्पति बाजार स्थित रोटरी मार्ग इन दिनों खतरों का मार्ग बना हुआ है। लिंक रोड को जोड़ने वाली इस सड़क के बीचों-बीच एक गहरा नाला खुला पड़ा है। सुरक्षा के नाम पर यहां केवल कुछ ईटें और मामूली रस्सियां बांधी गई है जो किसी भी बड़े हादसे को रोकने के लिए नाकाफी है। भारी बारिश के दौरान या रात के अंधेरे में यह खुला नाला किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकता है।

आंधी, तूफान चलने पर हादसे का कारण बन सकते हैं

# खतरा बने शहर के बाजारों में दुकानों के सामने लगे शेड, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्य मार्गों पर दुकानों के सामने टीन शेड लगे हुए हैं, जो आंधी चलने पर हादसे का कारण बन सकते हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि पिछले वर्षों में शेड उड़ने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पिछले एक सप्ताह से शहर में लगातार आए आंधी ने इन खतरों की ओर एक बार फिर इशारा किया है। कई जगहों पर शेड गिरे हैं।

दरअसल धूप, बारिश से बचने के लिए दुकानदार अपनी सुविधा के अनुसार टीन शेड लगाते हैं। यह शेड सिर्फ पाइप डालकर उनके सहारे रख दिए जाते हैं, जिससे मजबूती नहीं रहती है। यह तेज आंधी चलने पर उड़कर सीधे सड़क पर गिरते हैं। यदि इस बीच कोई राहगीर आ जाए, तो उसकी जान भी जा सकती है। कुछ दिनों पहले भी महामाया चौक में एक दुकान के सामने से शेड उड़कर हाइटेंशन लाइन में जाकर फंसा था और वाहन चालक उसकी चपेट में आने से बचे थे। यदि शॉर्ट सर्किट के बाद तार टूटकर सड़क पर गिर जाता, तो वाहन चालकों को करंट लग सकता था।

### कार्रवाई के बाद भी वही हाल

इधर निगम द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत अवैध रूप से बनाए गए दुकान के शेड और पक्के स्ट्रक्चर को तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। विशेषकर नूतन चौक और आसपास के क्षेत्रों में। इन कार्रवाइयों के दौरान दुकानदारों और निगम प्रशासन के बीच हंगामे की स्थिति भी बनी। शहर के पुराने बस स्टैंड में दुकानों के सामने दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर शेड लगाए जाने को लेकर कई बार दुकानदारों को समझाइश दी जा चुकी है और कई बार कार्रवाई चुकी है। इसके बाद भी दुकानदारों द्वारा हर बार शेड लगा दिया जाता है। शेड के कारण सड़कें सकरी हो जाती हैं।




गोलबाजार स्थित पुस्तक दुकान का गिरा शेड।

### जहां तक शेड, वहां तक सामान

दुकानदार दुकान के बाहर जहां तक शेड लगे रहते हैं, वहां तक सामान भी फैलाकर रखते हैं, जिससे वाहन चालक भी परेशान होते हैं। बाहर तक फैले सामान से फुटपाथ तक नहीं बचता है। इधर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के समय टीन शेड हटवा भी दिए जाते हैं, लेकिन कुछ दिन बाद ही व्यापारी फिर से शेड लगाकर अस्थायी अतिक्रमण कर लेते हैं। कुछ दुकानदारों ने हादसे न हो इसलिए टीन शेड की जगह कपड़ा अन्य रेगजीन लगाई है।

### की जा रही है कार्रवाई

अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत अवैध रूप से बनाए गए दुकान के शेड और पक्के स्ट्रक्चर को तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। इससे पहले कई बार दुकानदारों को समझाइश भी दी जा चुकी है।

**– खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त

# रेलवे स्टेशन में अचानक बजा सायरन, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में सुबह अचानक तीन से चार बार सायरन बजते ही हड़कंप मच गया। इस दौरान ट्रेन में बम की सूचना मिली, जिसके बाद बिलासपुर से लेकर मनेन्द्रगढ़ तक बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड सहित लोकल पुलिस और रेल अफसरों की टीम तैयार करने के बाद तत्काल मौके पर बचाव कार्य के लिए रवाना किया गया। बाद में पता चला कि यह माकड्रिल थी।

- **ट्रेन में बम होने की सूचना देकर की गई माकड्रिल**

रेलवे के अनुसार आपदा के दौरान फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम व स्थानीय नागरिक बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके तहत आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले राहत व बचाव कार्य से संबंधित तरीकों को अभ्यास के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए प्रशिक्षण दिए जाने की नियमित व्यवस्था भी है। इसमें शुक्रवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन के यार्ड में सुबह 10 बजे यात्री ट्रेन में बम विस्फोट होने की अफवाह फैलाई गई। इस अफवाह के बाद बिलासपुर, उसलापुर, कोटमीसोनार, बेलगहना व अन्य स्टेशनों में सायरन बजने के साथ ही आरपीएफ और एनडीआरएफ की टीम तत्काल अलर्ट हुई। अफवाह में एक प्रदर्शन किया गया, जिसमें मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड के पास स्पेशल ट्रेन चिरमिरी-रींवा के एक स्लीपर कोच में बम विस्फोट से 5 यात्रियों की मौत, 8 यात्रियों के गंभीर रूप से घायल और सात यात्रियों के सामान्य रूप से घायल होने तथा कोच डिरेल होने व कोच में आग लगने की सूचना भी मिली। कोच में संदिग्ध पार्सल पैकेट देखे जाने की सूचना आरपीएफ व स्थानीय पुलिस को दी गई। अभ्यास प्रदर्शन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ, 11वीं बटालियन, मंडल संरक्षा विभाग, रेल आपदा प्रबंधन टीम, सिविल डिफेंट की संयुक्त टीम ने किया। यात्रियों को घटना की त्वरित व सटीक जानकारी प्रदान करने वाणिज्य विभाग ने मनेन्द्रगढ़, अंबिकापुर, कोतमा, बिलासपुर, अनूपपुर, उसलापुर, उमरिया, शहडोल सहित सभी प्रमुख स्टेशन में हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक के श्रीनिवास, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता दीपक ठाकुर, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी आरके देवांगन सहित मुख्यालय व मंडल के अधिकारी व स्टाफ मौजूद थे।




# अधेड़ पर हमला करने वाले 2 नाबलिग सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहतरा में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने 2 नाबालिग समेत 4 आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों ने रात के अंधेरा का फायदा उठाकर अधेड़ पर लकड़ी के बत्ते से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

बिल्हा पुलिस के अनुसार ग्राम मोहतरा निवासी आयुष बरगाह (19 वर्ष) ने 20 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 अप्रैल की रात गांव के तालाब स्थित शिव मंदिर के पास रूपेश मेहर और उसके दोस्तों ने पुरानी रंजिश में उसके पिता राजेश बरगाह को रोक लिया। गाली-गलौज करते हुए डंडे और लकड़ी के बत्ते से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में राजेश बरगाह के सिर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान जब अस्पताल से बेडहेड टिकट और मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त की, तो सिर की चोट बेहद गंभीर पाई गई। इसके आधार पर पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 109(2) (हत्या का प्रयास) जोड़ते हुए आरोपियों की तलाश तेज कर दी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी दीपक मेहर (24 वर्ष) और अन्नू ध्रुव (20 वर्ष) सहित दो अपचारी बालकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का बत्ता भी जब्त कर लिया है। सभी आरोपियों को जेल पर भेज दिया गया।



### स्कूटी में चाकू लेकर घूम रहे दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने बीती की रात गश्त के दौरान दो युवकों को धारदार हथियार के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने के लिए अपनी स्कूटी की डिक्की में अवैध रूप से चाकू और कैंची छिपाकर घूम रहे थे। पुलिस ने दो युवक पर आर्मर्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बिल्हा थाना क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी की वारदातों के मद्देनजर रात्रि गश्त और संदिग्ध वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में गुरूवार-शुक्रवार रात पुलिस टीम केशला सिटी के पास मेन रोड पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक स्कूटी सीजी 10 सीसी 4066 पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर मचलने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली,इस दौरान स्कूटी की डिक्की में लोहे का धारदार चाकू और स्टील की कैंची बरामद की गई है। पुलिस की पकड़े में आए युवक की पहचान राकेश यादव (22 वर्ष) और साहिद अली (21 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों आरोपित बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम निपनिया के निवासी हैं।

# जीआरपी ने नष्ट किया एक हजार किलो गांजा

**बिलासपुर।** जीआरपी की टीम ने बिलासपुर और रायपुर में पकड़े गए आरोपियों से जब्त करीब 1 हजार किलो गांजा का नष्टीकरण किया है। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म और ट्रेनों में गांजा तस्करी करने वालों के खिलाफ आरपीएफ से ज्यादा कार्रवाई जीआरपी करती है।

एनडीपीएस का अधिकारी पहले जीआरपी को दिया गया था, जिसके बाद अब वर्तमान में आरपीएफ को भी यह अधिकार प्राप्त हो गया है। प्रतिवर्ष लोकल पुलिस की तरह जीआरपी की टीम भी जब्त किए गांजे का नष्टीकरण करती है। इसी तरह रेल पुलिस इकाई रायपुर के मार्गदर्शन में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत जब्त गांजा के नियमानुसार नष्टीकरण करने के लिए जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति का गठन किया गया। इसके अध्यक्ष रेल रायपुर के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, आबकारी के प्रभारी आयुक्त राजेश कुमार शर्मा हैं। उक्त समिति की उपस्थिति एवं निर्देश मिलने के बाद बिलासपुर और रायपुर में पकड़े गए 98 प्रकरणों में जब्त 915.472 किलोग्राम गांजा को जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड स्टील प्लांट में नष्टीकरण किया गया। इस कार्रवाई के दौरान उपपुलिस अधीक्षक रेल एसएन अख्तर, रक्षित निरीक्षक रामप्रसाद पैकरा व रायपुर, बिलासपुर के जीआरपी प्रभारी एवं स्टाफ मौजूद थे।

# तड़के सुबह बादलों की गड़गड़ाहट से टूटी नींद, दिन भर रही उमस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तड़के सुबह लोगों की नींद बादलों की तेज गर्जना के साथ खुली। करीब 20 मिनट तक गड़गड़ाहट होती रही और तेज आंधी चलने लगी, थोड़े ही देर में बारिश शुरू होते ही मौसम खुशगवार हो गया लोगों के लिए सुखद एहसास था लेकिन इस दौरान आंधी की चपेट में आने के कारण शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ धराशाही हो गए। शुक्रवार सुबह अचानक मौसम बदला और तेज आंधी चलने लगी और आसमान में तेज गर्जना होने लगी, जिससे लोगों की नींद टूट गई। इस दौरान झमाझम बारिश होने लगी जिसके लोगों को बारिश का मौसम याद आने लगा, लेकिन तेज हवाओं के कारण कई जगह पेड़ और डालियां गिर गई। जिसके चलते खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, वहीं करीब 10 बजे के बाद मौसम ने एक बार फिर करवट बदली और धूप छाव का दौर शुरू हो गया।

# बिल्हा में चोर गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बिलासपुर।** बिल्हा पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी और नकबजनी की वारदातों पर पुलिस ने सफलता पाई है। पुलिस ने दो नाबालिग को हिरासत में लेकर चोरी के चार मामलों को सुलझा लिया है।

- **4 मामलों का हुआ खुलासा**

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देशानुसार चोरी की वारदातों की पर लगाम लगाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गठित टीम 13 मई की रात गश्त पर थी। इस दौरान दो बालक संदिग्ध अवस्था में घूमते मिले, पुलिस को देखकर छिपने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में नाबालिगों ने बिल्हा क्षेत्र के दगौरी, बेलटुकरी, गुमा और बिल्हा के अन्य सुनसान इलाकों में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस को दोनों बताया कि पहले बंद घरों की रेकी करते थे, सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, मोबाइल टावर का कॉपर केबल, कूलर मोटर, टूल्लू पंप और नकदी पार कर देते थे। आरोपियों ने कबूल किया कि वे चोरी का सामान फेरीवालों को बेच देते थे और नगदी को खान-पान व शौक में खर्च कर देते थे।

### पुलिस ने किया माल बरामद

पुलिस ने नाबालिगों के कब्जे से चोरी किए गए एक टूल्लू पंप और तीन नग कूलर मोटर बरामद किया है। चोरी के 30,000 रुपये नगद को आरोपियों ने खर्च कर दिया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना देने के बाद कोर्ट के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### अखबार वितरक संघ ने मनाया वाटर पार्क में पारिवारिक पिकनिक



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा रविवार को अप्पू गार्डन वाटर पार्क में पारिवारिक मिलन एवं मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं उनके परिवारों ने वाटर पार्क में स्विमिंग और विभिन्न वाटर एक्टिविटीज का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल, वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति अग्रवाल, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, सचिव जयसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर एवं सहसचिव रायसिंह दिलबाग सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामा, कृष्ण निर्मलकर, तपेश्वर राठौर, राजकुमार पटेल, दिलीप यादव, हर्ष नेताम, राहुल, पप्पू, अनिल गिरी, विजय, ओमकार, दीपक सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य एवं उनके परिवारजन मौजूद रहे।

### ग्रामीण की टांगी से वारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** सब्जी बेचकर वापस लौट रहे ग्रामीण की पीछे से टांगी मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। हत्या के बाद जंगल में छिपे हुए आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पत्नी की चरित्र शंका को लेकर ग्रामीण पर हमला किया था। रघुनाथनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम बगईनार निवासी 50 वर्षीय राम प्रसाद सिंह आ. राम किशुन सिंह सब्जी बेचने का काम करता था और 13 मई को वह सब्जी लेकर जनकपुर साप्ताहिक बजार गया हुआ था। साप्ताहिक बाजार से वापस लौटते समय रात 9 से 10 बजे के बीच जनकपुर निवासी बंधू सिंह ने राम प्रसाद सिंह पर पीछे से गर्दन पर टांगी से हमला कर दिया था। इस घटना में ग्रामीण बाइक समेत सडक पर गिर गया। टांगी के वार से गंभीर ग्रामीण को उपचार के लिए अस्तपाल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान 14 मई को ग्रामीण की मौत हो गई। ग्रामीण के मौत के बाद मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्थानीय बेरोजगारों को...

प्रदर्शनकारियों ने यह भी दावा किया कि आवाज उठाने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है और दबाव बनाकर काम कराया जाता है। यहां तक कि मारपीट के आरोप भी लगाए गए हैं। 5 दिन का अल्टीमेटम खत्म होने के बाद आज स्थानीय युवाओं ने बड़ा कदम उठाते हुए कंपनी का काम ठप करा दिया। इस दौरान प्रशासन की मौजूदगी में प्रदर्शनकारियों और प्रबंधन के अधिकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। हालांकि प्रशासन ने हस्तक्षेप करते हुए जल्द ही त्रिपक्षीय वार्ता कराने का आश्वासन दिया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस आश्वासन से मामला शांत होगा या आने वाले दिनों में गेवरा क्षेत्र में तनाव और बढ़ेगा? फिलहाल पूरे क्षेत्र की नजर प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

रविशंकर नगर जोन में आयोजित हुआ सुशासन तिहार

# जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण से सुशासन की संकल्पना हो रही साकार : संजूदेवी



हितग्राहियों को पीएम आवास का चाबी सौंपते महापौर एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनसमस्याओं व शिकायतों के त्वरित निराकरण से हमारी सरकार की सुशासन की संकल्पना साकार रूप ले रही है तथा यह प्रमाणित हो रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केन्द्र सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई वाली छत्तीसगढ़ सरकार वास्तव में सुशासन की सरकार है। सरकार की मंशा है कि इन शिविरों के माध्यम से हम सब जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी आमजनता से सीधे रूबरू हों, उनकी समस्याओं को गहराई से जानें तथा उनका त्वरित निराकरण करायें, इन शिविरों के माध्यम से सरकार की यह जनहितैषी मंशा पूरी हो रही है।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन कार्यालय परिसर में आयोजित सुशासन तिहार शिविर के दौरान कही। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शिविर में लगाये गये जिले के विभिन्न विभागों व निगम के विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया, इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी, वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान, उर्वशी राठौर, धनकुमार गर्ग, नारायण प्रसाद कुर्रे, वर्षा दिनेश वैष्णव, सुनीता चैहान, गोपाल कुर्रे आदि पार्षद व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि जब हमने निगम की कमान अपने हाथ में संभाली उस समय निगम के 67 वार्डो में समस्याएं व्याप्त थी, किन्तु उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के निरंतर आशीर्वाद से अब ये सभी समस्याएं क्रमशः दूर हो रही हैं, हमारे आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय भी ऊर्जावान अधिकारी हैं तथा जनसमस्याओ के प्रति अत्यंत गंभीर रूख रखते हैं तथा मेरे मार्गदर्शन व आयुक्त की देखरेख में निगम के अधिकारी जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण कराते हैं। उन्होने कहा कि सुशासन तिहार शिविरों के पश्चात भी निगम की अभिनव योजना महापौर की पाती के माध्यम से आपकी विभिन्न समस्याओं का निराकरण 24 घंटे के अंदर किया जायेंगा। उन्होने आगे कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन का संकल्प था कि झुग्गी बस्तियों के निवासियों को पट्टा मिले, मालिकाना हक मिले, अब उनका यह संकल्प पूरा होने जा रहा है।

### शिकायतें हो रही तत्काल दूर

इस मौके पर पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी आमजनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं को सुने तथा उनका तत्काल निराकरण करायें, यह सुशासन तिहार शिविरों का प्रमुख उद्देश्य है, निश्चित रूप से सरकार का यह उद्देश्य पूरा हो रहा है, तथा आमजन की शिकायतें त्वरित रूप से दूर हो रही है, इसके साथ ही निर्माण से संबंधित मांग जिन्हें पूरा करने में प्रक्रियागत समय लगता है, उनकी प्रक्रिया भी शीघ्रता से की जा रही है। उन्होने आगे कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन कोरबा के विकास के लिए तथा यहां की समस्याओं के लिए पूर्ण रूप से सजग हैं, कोरबा में ढेर सारी झुग्गी बस्तियां हैं, इन बस्तीवासियों को उनके घरों का मालिकाना हक मिले, इसके लिये उद्योग मंत्री श्री देवांगन सदैव संघर्षरत रहे हैं और अब वह दिन भी आने वाला है कि जब इन बस्तीवासियों को उनके घरों का जमीन का मालिकाना हक प्राप्त हो जायेगा।

### ई-बाईक से शिविर में पहुंचे आयुक्त

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय हेलमेट लगाकर ई-बाईक से पं.रविशंकर नगर में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे तथा लोगों को ईंधन बचाने व पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि युद्ध के कारण उत्पन्न समस्या को देखते हुये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईंधन बचाने का आव्हान किया है, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आज इस अपर अमल किया तथा ई-बाईक से शिविर में पहुंचे। उन्होने अधिकारी कर्मचारियों से आग्रह किया कि सभी ई-बाईक का उपयोग करें तथा ईंधन बचायें, आयुक्त की इस पहल का उपस्थित पार्षदों, जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया तथा उनके इस कदम की प्रशंसा की। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन की उपलब्धियों व विकास कार्यो पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये कहा कि पं.रविशंकर नगर जोन में कुल 7 वार्ड हैं, इन सात वार्डो में वर्ष 2023 से अब तक कुल 32 करोड़ 32 लाख रूपये के 94 कार्य स्वीकृत हुये थे, जिसमें 54 कार्य पूर्ण हो गये हैं, 27 कार्य प्रगतिरत हैं तथा 13 कार्य निविदा प्रक्रिया में है।

# राशि आहरण के चार साल बाद भी नहीं हो सका मंच निर्माण



अधूरा पड़ा मंच निर्माण कार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत सगुना में तत्कालीन सरपंच एवं सचिव के द्वारा सगुनाई दाई के पास मंच निर्माण हेतु 80 हजार रू अहरण किया है। राशि का भुगतान सीधे सगुना ग्राम के नाम भुगतान बताया गया है। उसके बाद पुनः दूसरा भुगतान के रुप में 80 हजार बताया जा रहा है जबकि कार्य प्रारंभ भी नहीं हुआ था तो दुसरा किस्त की राशि कैसे अहरण किया गया। वर्तमान में कार्य मात्र डीपीसी तक ही हुआ है। इसी तरह नाली निर्माण कार्य हेतु 30 सितंबर 2022 को 1 लाख 80 हजार विनोद हार्डवेयर के नाम पर भुगतान किया गया है परंतु नाली निर्माण कार्य नहीं किया गया है इस बारे में सचिव से चर्चा किया गया तो सचिव द्वारा कहा गया कि मेरे आने से पहले भुगतान किया गया है इसी तरह तत्कालीन सरपंच एवं सचिव के द्वारा आश्रित मोहल्ला ठाडपखना में बोर खनन हेतु पंद्रवें वित्त की राशि को अहरण कर कार्य नहीं कराया गया है जो कि गबन की ओर इंगित करता है क्या इसकी जानकारी अधिकारीयों को नहीं है यदि है तो चार साल तक किसी प्रकार की कार्यवाही क्यों नहीं किया गया यहां पर अधिकारियों की संलिप्त होने का संदेह झलकता इस तरह सगुना ग्राम पंचायत में 15वें वित्त की राशि का दुरुपयोग किया गया है। जिसकी शिकायत संबंधित विभाग से की गई है।

### आरपीनगर के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में आज गूंजेगा हनुमान चालीसा

**कोरबा।** आरपी नगर फेस-1 दशहरा मैदान के पास स्थित प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में मंदिर स्थापना के 25 साल पूर्ण होने जा रहा है। भक्ति और श्रद्धा के साथ बजरंगबली की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ मंदिर की स्थापना हुई थी। पुरोहित स्व. मुक्ति नाथ झा, सीतामणी मंदिर के रामभक्त स्व. जगन्नाथ महाराज तथा छूरी के महाराज के सानिध्य में बनारस से आए 5 विद्वान पंडितों ने कमान संभाली थी। मंत्रोच्चार और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ लगातार 5 दिनों तक चले विशेष पूजा-अनुष्ठान के बाद दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की स्थापना संपन्न हुई थी। पिछले 25 वर्षों में यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए अटूट आस्था का केंद्र बन चुका है।

# बरपाली में लो वोल्टेज की समस्या भीषण गर्मी में लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अधीनस्थ रामपुर विधानसभा क्षेत्र के बरपाली फीडर से जुड़े विद्युत उपभोक्ता लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। यह समस्या पिछले 3 दिनों से बनी हुई है और अब सुधार होगा, तब सुधार होगा के इंतजार में 3 दिन बीत गए लेकिन समस्या जस की तस है। इस भीषण गर्मी में लो-वोल्टेज की समस्या के कारण लोगों का सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बताया गया कि इरीगेशन कॉलोनी बरपाली में 3 दिन पहले केबल बदलने का कार्य कराया गया था। विद्युत अधिकारियों की देखरेख में यह कार्य कराए जाने के बाद माना जा रहा था कि विद्युत आपूर्ति की सुविधा और बेहतर होगी लेकिन यह सुविधा समस्या में तब्दील हो गई है। जिस क्षेत्र में केबल चेंज किया गया है, उस पर आधारित लोगों के घरों में लोग वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। बताया जा रहा है कि इस बारे में जानकारी देने के लिए अधिकारी को फोन करने पर मात्र एक बार ही जेई का फोन उठा और जल्दी सुधार करने की बात कही गई। लेकिन, इसके बाद ना तो सुधार हुआ और ना ही फोन उठ रहा है। लो-वोल्टेज के कारण विद्युत आधारित उपकरणों के सुचारू संचालन में समस्या हो रही है। कूलर, पंखा पूरी गति से काम नहीं करने के कारण खासकर बुजुर्ग और बच्चे परेशान हो रहे हैं। प्रभावित लोगों ने विद्युत अधिकारियों के उपेक्षापूर्ण रवैया के प्रति नाराजगी जाहिर की है।

# पीएम की अपील ने देशवासियों के जख्मों पर नमक डालने का किया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




पत्रकारवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल एवं अन्य कांग्रेसी।

कोरबा। प्रधानमंत्री मोदी की देशवासियों से की गयी अपील ने देशवासियों के जख्मों पर नमक डालने का काम किया। पिछले 2 माह से डीजल, पेट्रोल, गैस के संकट से जूझ रही तथा महंगाई की मार झेल रहे लोगों से प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान खेती में उर्वरक (खाद) का उपयोग कम करें। देश की कामकाजी वर्ग वर्क फॉर्म होम करें। महिलाएं खाद्य, तेल और गैस का उपयोग कम करें। एक साल तक सोना ना खरीदें और विदेश यात्रा ना करें। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली केंद्र सरकार अब किसानों को कम उर्वरक का उपयोग करने की सलाह दे रही है। प्रदेश में लगभग 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता है। बावजूद इसके 51 हजार मीट्रिक टन ही उर्वरक सोसायटियों तक पहुंच पाया है जिससे किसान परेशान हैं।

### खास बात

- किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार अब उर्वरक का उपयोग करने की दे रही सलाह

उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि उर्वरक नहीं मिलने पर किसानों की उत्पादकता घट रही देश में पिछले सात साल से उर्वरकों की कमी है। किसानों की आय दुगुनी करने का वादा था लेकिन उर्वरक नहीं मिलने तथा महंगा उर्वरक खरीदने के कारण किसान कर्जदार हो रहे, उत्पादकता घट रही। नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री है जो राष्ट्र की उत्पादकता को कम करने पर तुले हुए है। मोदी नागरिकों को काम नहीं करने की सलाह दे रहे प्रधानमंत्री कह रहे कि वर्क फार्म होम करिए, काम पर मत जाइए, मोदी जी के इस सलाह से फील्ड में काम करने वाले, गली कूचे में घूमकर सामान बेचने वाले, फेरी लगाने वाले क्या करेंगे? देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने कहा था आराम हराम है। मोदी कह रहे काम मत करो घर में बैठो। महंगाई के कारण वैसे ही किचन का बजट बिगड़ा हुआ। प्रधानमंत्री कह रहे तेल मत खाओ, जबकि मोदी राज में किचन का बजट बिगड़ा हुआ है। खाद्य सामग्री के दाम इतने बढ़े हुए है कि तेल क्या गृहणियां हर चीज के बजट में कटौती कर रही है। वर्ष 2013 में जब देश में कांग्रेस की सरकार थी, तब भारत में सोने की कीमत 28500 से 29600 रू. प्रति ग्राम था। आज 2026 में सोने का भाव 158000 रू. प्रति 10 ग्राम है। 12 सालों में मोदी राज महंगाई बेतहाशा बढ़ने का अंदाजा सोने की कीमत से लगाया जा सकता है कि सोना 50 गुना महंगा हुआ है। देश की महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने का डर दिखाने वाले मोदी ने देश की महिलाओं के मंगलसूत्र ही नहीं अंगूठी, मांगटीका, हार, सोने की चैन सब छीनना चाह रहे हैं। भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में असफल और नकारा साबित हुई है। अभी हाल ही में देश भर में हुई सर्वे में एक बात सामने आई है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों, रोजगार देने में असफलता, पेट्रोल, डीजल में मनमाना एक्साइज ड्युटी, रेल यात्रा का महंगा होना, सड़कों पर टोल टैक्स के दरों में वृद्धि एवं आवश्यक वस्तुओं पर भी लगाई गई जीएसटी के चलते आम लोगों के आय एवं बचत घटी है मुखिया को घर चलाने के लिए घर की आवश्यकताओं को पूर्ति करने के लिए 77 प्रतिशत तक ऋण लेने पडे हैं, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार को कोई वास्ता नहीं है।

# अंजू बनी डॉक्टर, बलिराम कश्यप मेडिकल कॉलेज से हासिल की एमबीबीएस डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका



दीपका विस्तार परियोजना में कार्यरत लोडिंग इंस्पेक्टर मनीराम चौहान की होनहार सुपुत्री अंजू चौहान ने बलिराम कश्यप मेडिकल कॉलेज जगदलपुर से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर डॉक्टर बनकर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। अंजू की इस उपलब्धि से ग्राम पंचायत सिरकी खुर्द गांधीनगर सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अंजू चौहान ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट थॉमस स्कूल दीपका से करने के बाद मेडिकल की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता लक्ष्मीबाई चौहान, पिता मनीराम चौहान तथा गुरुजनों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद को दिया है। अंजू की बड़ी बहन संजू चौहान संगीत में गोल्ड मेडलिस्ट है और भारतीय रेलवे में कार्यरत हैं। वहीं छोटी बहन ममता चौहान भी चिकित्सा क्षेत्र में अध्ययनरत हैं और एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। अंजू की सफलता को लेकर ग्राम पंचायत सिरकी खुर्द गांधीनगर के लोगों ने भी प्रसन्नता जताई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अंजू की उपलब्धि गांव की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश देगी।

*कोरबा। श्री सिद्ध शनिदेव मंदिर सीएसईबी कालोनी में शनि जयंती के अवसर पर 16 मई को शाम 7 बजे से विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया गया है। पंडित विनोद तिवारी ने सभी भक्तजनों को भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने अपील की है।

# मानव अधिकार राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पांडे एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष महंत के द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत से सौजन्य मुलाकात करते हुए जिले की समस्याओं पर चर्चा की और ग्रामीण विकास मनरेगा का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिए जाने, आउटसोर्स कर्मचारी और मजदूर एवं अनुकंपा आश्रितों को नियमित किए जाने, लोगों के कल्याण के लिए शिक्षण संस्थान एवं निजी संस्थानों में कम से कम फीस एवं मनमानी फीस पर रोक लगाने जैसी मांगों को लेकर कलेक्टर श्री दुदावत से विस्तृत चर्चा करते हुए इस सम्बंध में ज्ञापन सौंपा गया।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, दर्री, जिला कोरबा (छत्तीसगढ़)

-:ईश्तहार:-

रा.प्र.क................./बी-121/2025-26
ग्राम अगारखार
तहसील दर्री, जिला कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आम जनता मौजा आवेदक दिवाकर विश्वास पिता स्व० महानंद विश्वास मो0नं0-8305894070 निवासी अगारखार प०ह०नं0-25 रा०नि०मं० अगारखार तहसील दर्री, जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा अपनी माता प्रमोदनी पति स्व० महानंद की मृत्यु दिनांक 01/04/2014 को ग्राम अगारखार, तहसील दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) में मृत्यु होने के कारण मृत्यु का पंजीयन कराने हेतु जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अन्तर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन के साथ शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई, दावा, आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28/05/2026 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-13/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थानः दर्री

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जिला - कोरबा (छ.ग.)**




## आम सूचना

एतद द्वारा मैं श्रीमती मुनीता गुप्ता पति कृष्ण कुमार बंसल निवासी मकान क्रमांक 692, वार्ड क्रमांक 12, नई बस्ती, संजय नगर गांजा गली कोरबा, पुलिस थाना सिटी कोतवाली कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) आप सहित आप सभी समस्त संबंधितों, परिजनों एवं सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मैं अपने विवाह दिनांक 07/07/2021 के पश्चात मेरे ससुर श्री रामानंद बंसल के द्वारा प्रदत्त उक्त मकान में अपने पति एवं पुत्री के साथ निरंतर निवासरत हूं। वर्तमान में मेरे पति एवं अन्य ससुराल वालों की निरंतर प्रताड़नाओं की वजह से मेरे द्वारा अपने पति कृष्ण कुमार बंसल उर्फ किशन बंसल के विरुद्ध माननीय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय कोरबा के न्यायालय में दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 115/2025 अंतर्गत धारा 144 बीएनएसएस भरण पोषण रकम की प्राप्ति हेतु संस्थित किया गया है जिसमें मेरे पति श्री कृष्ण कुमार बंसल उपस्थित हो चुके हैं। मेरे द्वारा अपने पति श्री कृष्ण कुमार बंसल एवं अन्य ससुराल वालों तथा मेरे पति के सहयोगियों के विरुद्ध माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा के न्यायालय में विविध प्रकरण क्रमांक 152/2025 के तहत घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत परिवाद संस्थित किया गया है। इस तरह उभय पक्षों के मध्य अनेकों प्रकरण संबंधित न्यायालय में विचाराधीन होकर लंबित है। विभिन्न न्यायालयों में उभय पक्षों के मध्य विभिन्न प्रकरणों के विचाराधीन होने के दौरान मुझे प्राप्त जानकारी के अनुसार मेरे पति श्री कृष्ण कुमार बंसल के द्वारा लोगों को भ्रमित कर मेरे एवं मेरे पुत्री के निवास स्थान मकान क्रमांक 692, वार्ड क्रमांक 12, नई बस्ती, संजय नगर गांजा गली कोरबा, पुलिस थाना सिटी कोतवाली कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) को छल कपट एवं धोखाधड़ीपूर्वक बिक्री करने का अवैधानिक प्रयास किया जा रहा है।

अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से आप सहित आप सभी संबंधितों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, समूह या संगठन मेरे उक्त निवास स्थान को किसी भी प्रकार से किसी भी रुप में क्रय करने का अनुबंध मेरे पति अथवा अन्य किसी भी व्यक्ति से ना करें यदि किसी के द्वारा उक्त मकान के संबंध में किसी प्रकार की खरीदी बिक्री संबंधी सौदा किया जाता है तो वह पूर्णतः अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा उसके समस्त दायित्वों एवं परिणाम के प्रति क्रेता एवं विक्रेता पूर्णतः दायित्वाधीन होगा।

अतः सूचना से अवगत होवें।

**भवदीय**
**श्रीमती मुनीता गुप्ता**
**पति- कृष्ण कुमार बंसल**
**निवासी- मकान क्रमांक 692, वार्ड क्रमांक 12, नई बस्ती, संजय नगर गांजा गली कोरबा, पुलिस थाना सिटी कोतवाली कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)**
**मोबाइल- 9329887542**



## खबर संक्षेप

### सभापति ने किया गुठली दान का आव्हान



**कोरबा।** निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने शहरवासियों, व्यापारीबंधुओं व समस्तजनों का आव्हान किया है कि वे घरों में उपयोग में लाये गये फलों की गुठली को संग्रहित कर निगम को दान करें, इस हेतु वे अपने घरों, दुकानों के सामने डिब्बे रखें एवं उपयोग में लाये गये फलों की गुठली उसमें डालें। उन्होने कहा कि निगम का यह भी प्रयास होगा कि वह सार्वजनिक चौक-चौराहों में गुठली दान हेतु डिब्बों की व्यवस्था कराएं। अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण हो, यह आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, बढ़ता हुआ वायु प्रदूषण चिंता का विषय है, इससे निपटने के लिए पेड़-पौधों की बहुतायत संख्या में उत्पत्ति जरूरी है। लोगों द्वारा आम, जामुन सहित ऐसे फल जिनमें गुठली होती है तथा जो बीच का कार्य करते हैं, उन फलों को उपयोग के पश्चात गुठलियां कचरे में, नाली में या सूखी जगहों पर डाल दी जाती है, वह गुठली जो एक बीज भी है, वृक्ष का रूप धारण नहीं कर पाती तथा नष्ट हो जाती है। इसी के मद्देनजर सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने एक अभिनव पहल करते हुये गुठली दान का आव्हान आमनागरिकों को किया। गुठली दान में एकत्रित गुठली का ऐसे खाली स्थानों पर डाला जायेगा, जहां पर वे वृक्ष का रूप लेगा।

### बेंदरकोना सरपंच पर गिरी निलंबन की गाज, एसडीएम ने दिए आदेश

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सफाई कर्मचारी से मारपीट की घटना को ग्राम पंचायत बेंदरकोना के सरपंच ने अंजाम दिया था। जिसमें घायल कर्मी की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में सरपंच के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था। कार्रवाई के बाद सरपंच को निलंबित कर दिया गया है। आरोपी सरपंच के के विरूद्ध छगपंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-39 के तहत निलंबन की कार्यवाही की गई है। सरपंच को जेल भेजने के कारण छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 93 के तहत जयबीर सिंह तंवर सरपंच ग्राम पंचायत बेंदरकोना को निलम्बित किया गया है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया है कि ग्राम बेंदरकोना में विशेष सम्मिलन तत्काल बुलाकर 15 दिन के पश्चात नहीं हो और सदस्य अपने में से किसी एक व्यक्ति को निर्वाचित करेंगे, जो अस्थायी रूप से यथास्थिति सरपंच या अध्यक्ष का पद धारण करेगा। ऐसा स्थानापन्न सरपंच या अध्यक्ष, उस कालावधि के दौरान, जिसमें ऐसा निलम्बन चालू रहता है, यथास्थिति सरपंच या अध्यक्ष के समस्त कर्तव्यों का पालन और उसकी समस्त शक्तियों का प्रयोग करेगा, परन्तु यदि सरपंच या अध्यक्ष का पद अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों या अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य या इन प्रवर्गो मे से किसी प्रवर्ग की महिला के लिये आरक्षित है तो, स्थानापन्न सरपंच या अध्यक्ष उसी प्रवर्ग के सदस्यों में से निर्वाचित किया जाए।

### रामाकछार, लेपरा एवं लेमरू में आज शिविर

**कोरबा।** सुशासन तिहार आम जनता के समस्याओं के निराकरण करने, उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न कलस्टर ग्रामों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 मई को प्रातः 10 बजे से विकासखंड पाली के ग्राम रामाकछार, पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम लेपरा एवं कोरबा के ग्राम लेमरू में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जायेगी। इसी तरह 19 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम लमना, पाली के ग्राम नगोई व कटघोरा के ग्राम डोंगरी में शिविर आयोजित होंगे।

### जैन भवन में निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर आज व कल

**कोरबा।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा द्वारा 16 व 17 मई को निःशुल्क मानसिक रोग निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जैन भवन, पुराना बस स्टैंड, कोरबा में आयोजित होगा। शिविर में मुंबई के नायर हॉस्पिटल से संबद्ध क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट श्रीमती विनिता खंडूरी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। शिविर का उद्देश्य नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना है। कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क परामर्श एवं उपचार सुविधा का लाभ उठाएँ।

### कंट्रोलिंग हाइपरटेंशन टूगेदर थीम के साथ मनाया जाएगा विश्व रक्तचाप दिवस

**कोरबा।** उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को हाइपरटेंशन के प्रति जागरूक किया जाता है। इसी कड़ी में 17 मई को जिले में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर समस्त विकासखंड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (शहरी तथा ग्रामीण), आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपस्वास्थ केन्द्रों (शहरी तथा ग्रामीण) में उच्च रक्तचाप से संबंधित बीमारियों के संबंध में तथा रोकथाम से सबंधी जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

---

कोरबा वन मंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र के वन विभाग की टीम डाली हुई है डेरा

# तीन दंतैल हाथी मांड नदी पार कर पहुंचे कुदमुरा तेंदूपत्ता संग्रहकों को जारी किया गया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले रायगढ़ के धमरजयगढ़ वन मंडल से तीन दंतैल हाथी गुरुवार की रात माड नदी पार कर कोरबा वन मंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र आ धमके हैं जिससे वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोग सकते में आ गए हैं। क्योंकि इन दिनों तेंदूपत्ता संग्रहण का काम जोरों पर वहीं तीन दंतैल हाथी के एक साथ आने से वन विभाग की टीम तत्काल हरकत में आयी और कुदमुरा रेंज पहुंचकर विशेषज्ञों की टीम ने हाथियों के निगरानी के साथ साथ तेंदू पत्ता संग्रहण करने वाले परिवारों को मुनादी के माध्यम से अलर्ट जारी कर दिया है।



दंतैल हाथी।

उल्लेखनीय है कि धमरजयगढ़ वन मंडल में सबसे ज्यादा हाथियों का झुंड हमेशा विचरण करते रहता है और अक्सर हाथियों का झुंड धरमजयगढ़ व कोरबा वन मंडल में आना-जाना करते रहते हैं। बताया जाता है कि गुरुवार की रात तीन दंतैल हाथी धरमजयगढ़ से अपने झुंड से अलग होकर कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज आ धमका है। बताया जाता है कि शुक्रवार को जैसे ही वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव को इसकी सूचना मिली उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को तत्काल तेंदूपत्ता संग्रहण क्षेत्र में अलर्ट जारी करने का निर्देश दिया। जिसके बाद वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर आ गई और जिन क्षेत्रों में तीनों दंतैल विचरण कर रहे हैं उस क्षेत्र में ट्रैकिंग के लिए अलग से निगरानी दल की ड्यूटी लगाई गई। साथ ही आसपास के पूरे इलाके में तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ता परिवारों को तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए मुनादी के माध्यम से लोगों को सजग किया गया। वन विभाग के एसडीओ एसके सोनी ने बताया कि दंतैल हाथी की निगरानी की जा रही है। साथ ही वन विभाग की टीम पूरी रात हाथियों की ट्रैकिंग के लिए लगी हुई है। संभावना जताई जारी है कि शुक्रवार की रात तीनों दंतैल हाथी फिर से धरमजयगढ़ की ओर लौट सकते हैं लेकिन खतरे को देखते हुए कुदमुरा, करतला एवं परसरखेत रेंज में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

#### 24 घंटे हाथियों पर टीम की नजर

एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा वन मंडल सतर्क मोड में है। कुदमुरा वन परिक्षेत्र में 3 लोनर हाथियों के विचरण की सूचना मिलते ही वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तेंदूपत्ता संग्राहकों को सुरक्षित रखने की कमान संभाल ली है। कुदमुरा के वनांचल क्षेत्र में 3 लोनर हाथी लगातार मूवमेंट कर रहे हैं। लोनर हाथी झुंड से अलग होते हैं और ज्यादा संवेदनशील माने जाते हैं। इस समय तेंदूपत्ता संग्रहण का सीजन पीक पर है, इसलिए विभाग ने कोई जोखिम नहीं लिया। गांव-गांव में मुनादी कराकर तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले परिवारों को हाथियों की लोकेशन की जानकारी दी जा रही है।मानव-हाथी संघर्ष नियंत्रण टीम 24 घंटे हाथियों पर नजर रख रही है। संग्रहण का समय तयः सुबह जल्दी और शाम ढलने से पहले संग्रहण न करने की अपील की गई है।

---

## 28 नग मवेशियों की तस्करी, पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली क्षेत्र से 28 तक मवेशियों की तस्करी कर ले जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने 28 नग मवेशियों को जप्त किया है और 5 आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु क्रूता अधिनियम 2004 की धारा 10 के तहत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि ग्राम बतरा के ग्रामीणों ने पाली पुलिस को सूचना दी थी कि कुछ ग्रामीणों द्वारा ग्राम बतरा में बड़े पैमाने पर बैलों की तस्करी कर ले जाया जा रहा है सूचना पाते ही पाली पुलिस की टीम ने ग्राम बतरा के भदरापारा पहुंची थी जहां 28 नग मवेशियों को जप्त किया गया। जब ग्रामीणों से मवेशियों से वैध दस्तावेज की मांग की गई तो उनके द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में थाना लोरमी ग्राम दरवाजा निवासी रहमद खान, अब्बास खान, पीरु खान, शाहिद खान, मजीद खान के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### गेवरा खदान में अवैध प्रवेश, 12 लोगों को सीआईएसएफ ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**कोरबा।** सीआईएसएफ ने बुधवार को गेवरा खदान में अवैध प्रवेश के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। सीआईएसएफ टीम ने खदान परिसर के भीतर से 12 व्यक्तियों को बिना वैध प्रवेश पास के पकड़ा। इन सभी के विरुद्ध दीपका थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीआईएसएफ इकाई एसईसीएल गेवरा में पदस्थ महिला निरीक्षक श्रद्धा देवांगन माहेश्वरी के नेतृत्व में एक दल ने बुधवार सुबह 10 बजे से 11 बजे के बीच गेवरा खदान क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया। यह जांच विशेष रूप से बी-2 कोल स्टॉक, ओल्ड दीपका कोल स्टॉक और क्यू-कोल स्टॉक क्षेत्रों में केंद्रित है। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि 12 व्यक्ति खदान परिसर में बिना किसी वैध प्रवेश पास के घूम रहे थे, जो खदान सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है। पकड़े गए व्यक्तियों से सीआईएसएफ दल ने गहन पूछताछ की। पूछताछ में वे खदान में प्रवेश करने से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। पकड़े गए व्यक्तियों में जय प्रकाश कुमार, उत्कर्ष कुमार, पंकज त्रिपाठी, अमृत लाल यादव, मोहन गुप्ता, विनय पाटले, प्रवीण पटेल, महेश कुमार, विनोद कुमार, रविंद्र नाथ तिवारी, शेषनाथ कुमार शामिल हैं।

---

## अफवाहों पर न दें ध्यान, जिले में पेट्रोल-डीजल एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ईंधन एवं घरेलू गैस की कमी संबंधी भ्रामक सूचनाएं फैलाए जाने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुणाल दुदावत ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूर्णतः सुचारू रूप से संचालित हो रही है।



कलेक्टर।

खाद्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 5876 सिलेंडरों का बैलेंस स्टॉक उपलब्ध है। इसके साथ ही एलपीजी रिफिल की स्थिति भी पूरी तरह सामान्य है। इस प्रकार जिले में घरेलू गैस की उपलब्धता पर्याप्त है। जिले में कुल 104 रिटेल आउटलेट संचालित हैं। वर्तमान उपलब्ध स्टॉक के अनुसार पेट्रोल 913 केएल तथा डीजल 1057 केएल उपलब्ध है, जो जिले की सामान्य दैनिक खपत के अनुसार पर्याप्त है। कुछ चुनिंदा आउटलेट तकनीकी कारणों या देर से भेजे गए इंडेंट के कारण प्रभावित रहे हैं, जिनका समाधान संबंधित कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी पेट्रोल पंपों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और कहीं भी कालाबाजारी, जमाखोरी या अव्यवस्था पाए जाने पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस एवं प्रशासनिक अमले को भी स्थिति पर सतत नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

---

## एचएमएस की बैठक में संगठन सत्यापन के लिए बनी निर्णायक रणनीति



कार्यक्रम के दौरान संभागीय अधिकारी श्री अग्रवाल गिरजा साहू एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कामगारों के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्पित संगठन कोयला मजदूर सभा के संभागीय प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं दीपका क्षेत्र के गिरजा शाहू के विशिष्ट आतिथ्य में कुसमुंडा क्षेत्र में बैठक संपन्न हुई। अपरिहार्य कारणों से केंद्रीय अध्यक्ष बजरंगी शाही का आगमन इस बैठक में नहीं हो सका, परंतु उनके दिशा-निर्देशों के अनुरूप संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया गया।

**खास बात**

- बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर हुई चर्चा

बैठक के मुख्य अतिथि एवं संभागीय प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल ने अपने संबोधन की शुरुआत कुसमुंडा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारियों को बधाई देकर की। उन्होंने कोयला मजदूर सभा के कोरबा क्षेत्र में स्थापना काल से लेकर आज तक की पूर्ण विस्तृत गाथा सुनाई। श्री अग्रवाल ने बताया कि संगठन ने श्रमिकों के अधिकारों के लिए कई उग्र आंदोलन किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 350 से 400 भू-विस्थापितों को सम्मानजनक नौकरी दिलवाने का ऐतिहासिक कार्य संपन्न हुआ। उन्होंने आगामी संगठन सत्यापन पर जोर देते हुए कहा कि सदस्यों को जोड़ने के लिए हमें पूरी तरह जनहित के कार्यों से जुड़ना होगा। संगठन विरोधी कार्य करने वाले लोगों पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने दो टूक चेतावनी दी कि जब संगठन किसी को जमीनी स्तर से उठा कर इस मुकाम पर पहुंचा सकता है, तो अनुशासनहीनता करने वालों को नीचे भी गिराया जा सकता है। संगठन के प्रति अपने निस्वार्थ समर्पण को रेखांकित करते हुए उन्होंने सभी को नेकी कर दरिया में डाल की भावना के साथ बिना किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के श्रमिक हित में काम करने की प्रेरणा दी। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष आर एस पाल, क्षेत्रीय महामंत्री एवं केंद्रीय मंत्री अशोक कुमार साहू, केंद्रीय संगठन मंत्री एवं क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य मनीष सिंह, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य जनार्दन यादव, क्षेत्रीय कल्याण समिति निरंजन सिंह एवं सोनू प्रताप, कोषाध्यक्ष एवं हाउसिंग बोर्ड एल पी सिंह एवं अखिल मिश्रा, परियोजना अध्यक्ष रामेश्वर वैष्णव एवं परियोजना सचिव देवेंद्र सिंह, क्षेत्रीय इकाई अध्यक्ष विजय विश्वकर्मा एवं क्षेत्रीय इकाई सचिव श्रवण कुमार, आर के तिवारी, सोहन लाल, लक्ष्मण सिंह, सुमंत कुमार सहित बड़ी संख्या में समर्पित कार्यकर्ता और सदस्य उपस्थित रहे।

#### क्षेत्रीय समस्याओं और संगठन सत्यापन पर गहन मंथन

बैठक के दौरान नेतृत्व ने स्थानीय पदाधिकारियों के साथ कुसमुंडा क्षेत्र की समस्त ज्वलंत समस्याओं पर बिंदुवार विशेष चर्चा की। इसमें मुख्य रूप से कोयला कामगारों की कार्यस्थल पर सुरक्षा, आवासों की जर्जर स्थिति, चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाएं और स्थानीय स्तर पर श्रमिकों को आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को प्रमुखता से उठाया गया। संभागीय प्रभारी श्री केदार नाथ अग्रवाल जी ने स्पष्ट कहा कि प्रबंधन के समक्ष इन सभी मुद्दों को मजबूती से रखकर उनका त्वरित निराकरण कराया जाएगा और आगामी संगठन सत्यापन में कुसमुंडा क्षेत्र में संगठन अपनी ताकत का नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

#### नाथूलाल के कुशल नेतृत्व से संगठन हुआ मजबूत

बैठक को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि गिरजा शाहू ने अपने भाषण में एचएमएस के केंद्रीय महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय के संगठन के प्रति अतुलनीय आत्मसमर्पण, संघर्ष और त्याग को रेखांकित किया। उन्होंने वर्तमान दौर में संगठन की मजबूत स्थिति का श्रेय श्री पाण्डेय के कुशल नेतृत्व को दिया और सभी पदाधिकारियों को उनके सांगठनिक दायित्वों का बोध कराया।

---

## जिला पंचायत संसाधन केंद्र में पानी का संकट, बूंद-बूंद को तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत संसाधन केंद्र में पिछले 15 से 20 दिनों से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच भवन में पानी की गंभीर समस्या से कर्मचारी, फरियादी, जनप्रतिनिधि और आम लोग परेशान हैं। बताया जा रहा है कि भवन की पानी सप्लाई करने वाली मोटर पिछले कई दिनों से खराब पड़ी हुई है, जिसके कारण वाटर कूलर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

स्थिति यह है कि संसाधन केंद्र में आने वाले लोगों को ठंडा पानी तक नसीब नहीं हो रहा। वहीं, वाटर कूलर का फिल्टर भी पिछले लगभग एक वर्ष से खराब बताया जा रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा इसे सुधारने की कोई पहल नहीं की गई। इस भवन में बिहान योजना के अंतर्गत संचालित कैंटीन में प्रतिदिन जिले के अधिकारी, कर्मचारी, फरियादी, सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों लोग भोजन करने पहुंचते हैं। जानकारी के अनुसार समूह की महिलाएं जिला पंचायत परिसर में लगे बोर से अस्थायी पाइप जोड़कर किसी तरह कैंटीन का काम चला रही हैं। कैंटीन में भोजन करने वाले लोगों को हाथ धोने से लेकर पीने के पानी तक के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही है। भवन के भीतर स्थित बाथरूम भी पानी के अभाव में सूखे पड़े हुए हैं, जिससे लोगों को जरूरत पड़ने पर दूसरी जगह जाना पड़ रहा है।



बंद पड़ा आरो फिल्टर।

---

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आकांक्षा सिंह गोल्ड मेडल से सम्मानित

**बाराद्वार।** दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के बल पर आकांक्षा सिंह ने यह साबित कर दिया है कि किसी भी चुनौती के सामने हौसले बड़े होते हैं। सातवीं कक्षा में उनके आंखों में कुछ दिक्कत हुई और इलाज के दौरान ही दसवीं कक्षा के बाद पूर्ण रूप से दृष्टिबाधित हो गई। इतना होने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन में हार नहीं मानी और लगातार आगे बढ़ती रहीं। इस कठिन समय में उनकी माता पिता ने हर कदम पर उनका साथ दिया। माता के सहयोग और अपने आत्मबल से आकांक्षा ने अपनी पढ़ाई जारी रखी। कई बार श्रोता लेखक ना मिलने की वजह से परिक्षा में नहीं बैठ पाती थी लेकिन फिर सुनील कुमार देवांगन ठठारी से जिन्होंने एसाईमेंट और परीक्षा में श्रोता लेखक के रूप में सहयोग किया और ग्रेजुएशन पूर्ण किया, पी जी डी सी ए, डबल पोस्ट ग्रेजुएशन की उपाधि प्राप्त की और स्पेशल बीएड फॉर ब्लाइंड भी सफलतापूर्वक पूरा किया।



---

## कालोनी की समस्याओं को लेकर पार्षद ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानसून से पहले प्रगति नगर आवासीय परिसर की समस्याओं को लेकर नगर पालिका परिषद दीपका के पार्षद एवं पीआईसी सदस्य अरुणीश तिवारी एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने एसईसीएल दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी की जर्जर स्थिति और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

पार्षद ने महाप्रबंधक को लिखे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि प्रगति नगर आवासीय परिसर के कई मकान लंबे समय से मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुके हैं। बारिश के दौरान छतों से पानी टपकने, दीवारों में सीलन और अन्य समस्याओं से रहवासी परेशान होते हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो मानसून में बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। ज्ञापन में अष्टभुजी दुर्गा मंदिर के पास स्थित तालाब की बदहाल स्थिति का भी उल्लेख किया गया है। तालाब में फैली जलकुंभी और नालियों में जमा गंदगी के कारण जल निकासी बाधित हो रही है। पार्षद ने चेतावनी दी कि बारिश शुरू होने से पहले सफाई नहीं हुई तो कॉलोनी में जलभराव की स्थिति बन सकती है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाएगा। गौरतलब है कि जलकुंभी निकासी के लिए सिविल विभाग द्वारा टेंडर जारी किया गया था मगर समस्या जस की तस बनी हुई है।



---

## भाजपा शासन काल में देशकी स्थिति हुई बदहाल : शफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व ननि अंबिकापुर नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा है कि देश की स्थिति भारतीय जनता पार्टी के सत्ताकाल के दौरान बदहाल हो गई है। आज देश अर्थव्यवस्था के मामले में 149 में नंबर पर है। जबकि अर्थव्यवस्था में यह माना जाता है कि दुनिया में छठवें नंबर की अर्थव्यवस्था अपने देश की है, इसके बावजूद वर्तमान में अपनी नाकामियों को थोपने के लिए प्रधानमंत्री जी ने जिस तरह से देश के लोगों को संबोधित किया है उससे प्रतीत होता है कि देश को नाकामियों के रास्ते ले जाकर देश को गर्त में धकेलने की कोशिश है। सोना ना खरीदने से लेकर के उर्वरक के कम उपयोग की नसीहत दी। शफी अहमद शुक्रवार को नगर में कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह नसीहत पांच राज्यों में बेतहाशा जीत के बाद दी गई जबकि इन राज्यों के चुनाव में अरबों खरबों रुपए खर्च किए गए। देश में कच्चे तेल के लिए भंडारण की आज तक कोई व्यवस्था नहीं की गई जबकि कांग्रेस के शासनकाल के दौरान मनमोहन सिंह ने ऐसे तीन क्रूड ऑयल के भंडारण की नींव रखी थी। डीजल पेट्रोल आम आदमी पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा दिया गया है बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है लोग परेशान हैं।

- महंगाई, पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि को लेकर साधा निशाना

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411